अमर उजाला 21/02/2026

बैडमिंटन प्रतियोगिता में डॉ. अमित रहे अव्वल

जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता के दौरान मौजूद विजेता और शिक्षक। प्रवक्ता

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के पीसी जोशी मेमोरियल ऑडिटोरियम में बैडमिंटन मैच हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की देखरेख में इस मुकाबले का आयोजन किया गया। मैच का उद्‌घाटन डॉ.एसएस नैन ने किया। प्रतियोगिता में डॉ. अमित ने प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं डॉ. धरमवीर दूसरे, डॉ. एसके पांडे तीसरे और डॉ. शुभम चौथे स्थान पर रहे। डॉ. सुरजीत ने अम्पायर की भूमिका निभाई। अंत में विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संवाद